# राष्ट्रीय सेवा योजना

## पं.दी.द.उ.राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेवापुरी, वाराणसी

# सम्बद्ध : महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ वाराणसी

**सप्त दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 21 फरवरी, 2023 से 27 फरवरी, 2023 तक**

डॉ.सुधा पाण्डेय
प्राचार्य
पं. दी.द.उ. राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महविद्यालय, सेवापुरी, वाराणसी

डॉ. कमलेश कुमार सिंह
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
पं. दी.द.उ. राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महविद्यालय, सेवापुरी, वाराणसी

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## पं.दी.द.उ.राजकीय बालिका स्नातकोत्तर महाविद्यालय सेवापुरी, वाराणसी

## प्रथम एक दिवसीय शिविर
## दिनांक-: 05.02.2023

पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी, वाराणसी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आज दिनांक 05 फरवरी, 2023 को एक विशाल रैली को महाविद्यालय की संरक्षिका एवं प्राचार्य प्रो. सुधा पाण्डेय ने झंडी दिखाकर रवाना किया, जो 'भारत का भाग्य विधाता हूँ, मैं एक मतदाता हूं/ मैं आसमान छूना चाहती हूँ, बस एक मौके की तलाश है' - आदि गगन भेदी नारे के साथ महाविद्यालय परिसर से तक्खू की बौली बाजार से होकर गुजरी। यह एक ऐतिहासिक रैली थी, जिसने स्थानीय नागरिकों को मतदान, सड़क सुरक्षा, नारी सम्मान इत्यादि का दायित्वबोध कराया।










महाविद्यालय विद्यालय परिसर की सफाई, सुसज्जा के साथ ही मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। डॉ. रविप्रकाश गुप्ता विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान ने बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि एक सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए नागरिकों को राजनीति में सशक्त भागीदार बनना चाहिए, स्थानीय स्तर पर आगामी पंचायत चुनावों में अपनी सक्रिय प्रतिभागिता से जाति, धर्म, पार्टी, बाहुबल और पूंजीपतियों के हस्तक्षेप को रोका जा सकता है और पारदर्शी राजनीति का आगाज किया जा सकता है।










कार्यक्रम का संचालन डॉ. सर्वेश कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार सिंह ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना का यह प्रथम एकदिवसीय शिविर नागरिक सुरक्षा, स्त्री सशक्तीकरण और लोकतंत्र के संरक्षण हेतु समर्पित रहा। रैली का नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार सिंह ने किया। रैली एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. कमलेश वर्मा, डॉ. आर के गौतम, डॉ. सत्यनारायण वर्मा, डॉ. सर्वेश

कुमार सिंह, डॉ. सौरभ सिंह, सुश्री गीता रानी शर्मा, श्री राम किंकर सिंह, डॉ मिथिलेश मिश्रा, मिट्ठू राम ने सक्रिय सहयोग किया।

## द्वितीय एक दिवसीय शिविर
## दिनांक-: 09.02.2023

सेवापुरी, वाराणसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में डॉ कमलेश कुमार सिंह, एन एस एस प्रभारी के कुशल निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना का द्वितीय एकदिवसीय शिविर आयोजित हुआ। प्रथम सत्र में शिविरार्थियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई और साज सज्जा का कार्यक्रम किया, इसके पूर्व उन्होंने सड़क सुरक्षा अभियान के मद्देनजर एक जन जागरुकता रैली निकाली।



शिविर के दूसरे सत्र में बौद्धिक संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें वक्ताओं ने भारत में आयोजित होने वाले जी -20 सम्मेलन के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु विभिन्न सुझाव दिये और आने वाली बाधाओं के निराकरण के उपाय ढूंढे।




संगोष्ठी को प्रो कमलेश कुमार वर्मा, प्रो राम कृष्ण गौतम, प्रो सत्यनारायण वर्मा, प्रो अर्चना गुप्ता, प्रो आशा, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, डॉ सौरभ सिंह और डॉ सुष्मिता ने संबोधित

किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह ने किया।

## तृतीय एक दिवसीय शिविर
## दिनांक-: 17.02.2023

पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी, वाराणसी में आज दिनांक 17 फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना का तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई और सौन्दर्यीकरण किया।









इस अवसर पर यातायात सुरक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें महाविद्यालय की विभिन्न छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

बौद्धिक सत्र का उद्घाटन करते हुए महाविद्यालय की विदुषी प्राचार्य प्रो.सुधा पाण्डेय ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना मानवीय मूल्यों को संवेदनशील बनाती है, जो व्यक्ति समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाने में सक्षम है। आज के बौद्धिक सत्र में यातायात सुरक्षा, नारी सम्मान, कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूकता आदि पर अनुशीलन किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अंशिका ने किया। धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कमलेश कुमार सिंह ने किया।

# चतुर्थ एक दिवसीय शिविर दिनांक-: 16.03.2023

सेवापुरी वाराणसी। स्थानीय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में आज राष्ट्रीय सेवा योजना का चौथा एकदिवसीय शिविर आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय की शिविरार्थियों ने महाविद्यालय परिसर से निकल कर तक्खू की बौली बाजार तक पर्यावरण संरक्षण पर रैली निकाली गई, जिसमें छात्राओं ने स्थानीय लोगों को पर्यावरण संरक्षण, सतत् विकास और जन स्वास्थ्य सम्बन्धी विचारों को व्यक्त किया।



कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्राओं ने रैली के उपरान्त परिसर की सफाई, सज्जीकरण और योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रो रविप्रकाश गुप्ता, कमलेश कुमार वर्मा, प्रो राम कृष्ण गौतम, प्रो सत्यनारायण वर्मा, प्रो अर्चना गुप्ता, प्रो आशा, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, डॉ घनश्याम कुशवाहा, डॉ सौरभ सिंह, सुश्री गीता रानी शर्मा, डॉ सुष्मिता, प्रिया मिश्रा, राम किंकर सिंह, डॉ मिथिलेश मिश्रा आदि ने रैली संचालन में सहयोग किया।









## राष्ट्रीय सेवा योजना : पं. दी.द.उ. राजकीय बालिका महाविद्यालय, सेवापुरी, वाराणसी











## सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 21 फरवरी, 2023 से 27 फरवरी, 2023 तक

### सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
### दिनांक 21 फरवरी, 2023
### उद्घाटन

सेवापुरी वाराणसी, "राष्ट्रीय सेवा योजना आज भी प्रासंगिक है, राष्ट्र के सम्मुख उत्पन्न समस्याओं का निराकरण केवल सरकार के वश में नहीं है, जब तक हमारी युवा पीढ़ी सतर्कतापूर्वक राष्ट्र के विकास में अपना योगदान न दे"- पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय में आयोजित सप्त दिवसीय विशेष शिविर के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, प्रसिद्ध इतिहासकार प्रो एस एन वर्मा ने कहा, उन्होंने अपने उद्बोधन में यह भी कहा कि अफसोस है कि युवा पीढ़ी दिग्भ्रमित है, समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों से उदासीन है, उसे जागरूक किए बिना संवैधानिक मूल्यों की स्थापना नहीं की जा सकती, राष्ट्रीय सेवा योजना उन्हें सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से जागरूक करने में सफल होगा, ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है।




राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना



कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं ने जी -20, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक चिह्न, जन जागरूकता अभियान से संबंधित मनमोहक रंगोलियां बनाईं।




मुख्य अतिथि का परिचय प्रो राम कृष्ण गौतम ने किया, जबकि सप्त दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ कमलेश कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। छात्राओं ने योगाभ्यास, परिसर की सफाई, सज्जीकरण आदि का अभ्यास किया। कार्यक्रम में प्रो अर्चना गुप्ता, प्रो आशा, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, डॉ घनश्याम कुशवाहा, डॉ सुष्मिता, राम किंकर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम
## दिनांक : 22 फरवरी, 2023
## द्वितीय दिवस

सेवापुरी वाराणसी। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन छात्राओं ने परिसर से निकल कर गगनभेदी नारे के साथ तक्खू की बौली बाजार तक सड़क सुरक्षा पर एक रैली निकाली, जिसमें छात्राओं ने तख्तियों पर यातायात के तमाम स्लोगन लिखे थे।









महाविद्यालय परिसर पहुंचकर छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर की सफाई, योगाभ्यास और स्वास्थ्य से संबंधित अनेक व्यायाम किया। बौद्धिक सत्र में प्रो सत्यनारायण वर्मा ने जी-20 के ऐतिहासिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उसकी वर्तमान में उपादेयता निर्धारित की। कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह ने बौद्धिक सत्र में अतिथि का स्वागत करते हुए विषय प्रवर्तन किया।




कार्यक्रम का संचालन शिविर लीडर ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम

## दिनांक : 23 फरवरी, 2023

## तृतीय दिवस

सेवापुरी वाराणसी। राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तीसरे दिन पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी की शिविरार्थियों ने जी - 20 के लक्ष्यों को जन जन तक पहुंचाने के लिए एक जन जागरुकता रैली निकाली, जिसने कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में स्थानीय बाजार तक्खू की बौली और भीषमपुर गांव का चक्रमण किया।








रैली के उपरान्त छात्राओं ने योगाभ्यास और महाविद्यालय परिसर की सफाई किया। आज के बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए आर्थिक मामलों के जानकार डॉ सर्वेश कुमार सिंह ने जी-20 के आर्थिक पक्ष का विश्लेषण प्रस्तुत किया। डॉ सर्वेश सिंह ने बताया कि जी -20 का मूल लक्ष्य प्रत्येक नागरिक को रोटी, कपड़ा और मकान के साथ अनिवार्य रूप से नि: शुल्क शिक्षा और चिकित्सा मुहैया कराना है। शिविरार्थियों को जागृत होकर जी - 20 के लक्ष्यों तक पहुंचाना उनका दायित्व है।






कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह ने किया, इस अवसर पर प्रो रविप्रकाश गुप्ता, प्रो कमलेश कुमार वर्मा, प्रो राम कृष्ण गौतम, प्रो अर्चना गुप्ता, प्रो आशा, डॉ सौरभ सिंह, सुश्री गीता रानी शर्मा, डॉ सुष्मिता, राम किंकर सिंह, डॉ मिथिलेश कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम

## दिनांक : 24 फरवरी, 2023

## चतुर्थ दिवस

सेवापुरी वाराणसी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में आयोजित सप्त दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के चौथे दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, जो लोकतंत्र की स्थापना में जन जन के सहयोग की अपेक्षा करती है।



















बौद्धिक सत्र को सुश्री गीता रानी शर्मा ने संबोधित किया और कहा कि जब तक लोगों में राजनीतिक चेतना का विकास नहीं होगा, अपने वोट के मूल्य को नहीं समझेंगे, तब तक सशक्त लोकतंत्र की स्थापना नहीं की जा सकती। छात्राओं ने व्यायाम, योगाभ्यास और महाविद्यालय परिसर में सफाई का कार्य किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ कमलेश कुमार सिंह ने किया.

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम

## दिनांक : 25 फरवरी, 2023

## पंचम दिवस

सेवापुरी वाराणसी। स्थानीय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में आज दिनांक 25 फरवरी राष्ट्रीय सेवा योजना के पांचवें दिन कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति के अभियान को सशक्त बनाने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे के साथ नारी सशक्तिकरण हेतु रैली निकाली गई, जो स्थानीय बाजार पहुंच कर जनसमपर्क के माध्यम से स्त्री के मौलिक अधिकार शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य, अल्प बचत आदि के बारे मे बताया गया।








समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ घनश्याम कुशवाहा ने बौद्धिक सत्र को संबोधित करते हुए स्त्री के पक्ष में संवैधानिक अधिकारों को चिह्नित किया, उन्होंने कहा कि भारत की आधी आबादी आज भी अशिक्षा और अंधविश्वास की शिकार है, समूची स्त्री जाति को शिक्षित किए बिना हम प्रगति नहीं कर सकते। उन्होंने भ्रूण हत्या, दहेज, घरेलू हिंसा,यौन शोषण से संबंधित कानूनों और दण्ड प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।












# राष्ट्रीय सेवा योजना : पं. दी.द.उ. राजकीय बालिका महाविद्यालय, सेवापुरी, वाराणसी










विषय प्रवर्तन डॉ कमलेश कुमार सिंह ने किया। छात्राओं ने अपनी दैनिक दिनचर्या में योग, व्यायाम और स्वच्छता को शामिल किया। कार्यक्रम को प्रो रविप्रकाश गुप्ता, प्रो कमलेश कुमार वर्मा, प्रो राम कृष्ण गौतम, प्रो सत्यनारायण, डॉ सौरभ सिंह, डॉ सुष्मिता ने संबोधित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम

## दिनांक: 26 फरवरी, 2023

## षष्ठम दिवस

सेवापुरी, वाराणसी। स्थानीय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में आज दिनांक 26 फरवरी, 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना के छठवें दिन स्वयंसेविकाओं को योग के माध्यम से मन, मस्तिष्क और स्वास्थ्य को नियंत्रित करने की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता पर एक जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जो स्थानीय बाज़ार तक्खू की बौली तक चक्रमण किया।











महाराष्ट्र से आईं योग साध्वी डॉ भाग्यश्री, विद्या और राजकीय संस्कृत महाविद्यालय राबर्टसगंज से डॉ पुष्पा उपाध्याय ने सहज योग का क्रियात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो सुधा पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि योग के माध्यम से हम शरीर को निरोगी बना सकते हैं, मन और मस्तिष्क को नियंत्रण में रख सकते हैं और सकारात्मक वायु तरंगों के माध्यम से लोक कल्याण कर सकते हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि योग आत्मनियंत्रण का अनूठा साधन है और आज की दिग्भ्रमित होती युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाकर एक उत्तम राष्ट्र के निर्माण में सहायक है। कार्यक्रम में प्रो रविप्रकाश गुप्ता, प्रो कमलेश कुमार वर्मा, प्रो राम कृष्ण गौतम, प्रो अर्चना गुप्ता, प्रो आशा, डॉ सर्वेश कुमार सिंह, डॉ घनश्याम कुशवाहा, डॉ सौरभ सिंह और राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राएं मौजूद रहीं।

# सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम

## दिनांक: 27 फरवरी, 2023

## समापन

सेवापुरी, वाराणसी। स्थानीय बाजार स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय बालिका महाविद्यालय सेवापुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का समापन समारोह को प्राचार्य प्रो सुधा पाण्डेय, प्रो रचना शर्मा, डॉ कमलेश कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया। प्रो सुधा पाण्डेय ने कहा कि खुद पर विश्वास नहीं करना सबसे बड़ा पाप है, आप अपने आत्म बल को पहचान कर अपने आत्म विश्वास को जाग्रत करें, फिर उसका उपयोग, व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के कल्याण हेतु करें।




राजकीय बालिका महाविद्यालय बरेका वाराणसी से आईं प्रो रचना शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि भारत विश्वगुरु रहा है , वैदिक काल में यजुर्वेद

में शल्य चिकित्सा के सुंदर प्रमाण मिलते हैं। भारत सदैव वसुधैव कुटुंबकम् की भावना का पोषक रहा है, इसलिए आपातकाल में वह अपने कल्याण से पहले शत्रु देशों की मदद करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमलेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर की सात दिवसीय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया।














इस विशेष शिविर में अपने अपने क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य हेतु उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ सौरभ कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन सुश्री गीता रानी शर्मा ने किया।

**डॉ. कमलेश कुमार सिंह** **कार्यक्रम अधिकारी**

## राष्ट्रीय सेवा योजना :    पं. दी.द.उ. राजकीय बालिका महाविद्यालय, सेवापुरी, वाराणसी















समापन समारोह में प्रो रविप्रकाश गुप्ता, प्रो कमलेश कुमार वर्मा, राम कृष्ण गौतम, प्रो सत्यनारायण वर्मा, प्रो अर्चना गुप्ता, प्रो आशा, डॉ घनश्याम कुशवाहा, डॉ सुष्मिता आदि ने संबोधित किया।